भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4827
जिसका उत्तर 29 मार्च, 2023 को दिया जाना है ।
8 चैत्र, 1945 (शक)

फ्यूचर स्किल्स प्राइम योजना

4827. श्री भर्तृहरि महताब :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) फ्यूचर स्किल्स प्राइम योजना से कुल कितने उम्मीदवारों ने स्वयं को जोड़ा है;

(ख) कितने उम्मीदवारों ने राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों/राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क से जुड़े फाउंडेशन/गहन कौशल पाठ्यक्रमों में भाग लिया है और उन्हें पूरा किया है; और

(ग) मिश्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अनुसंधान केंद्रों द्वारा कितने प्रशिक्षकों और सरकारी अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) से (ग): इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (नैसकॉम) के सहयोग से फ्यूचर स्किल प्राइम (रोजगार के लिए आईटी जनशक्तिके पुन: कौशल/उन्नयन कौशलके लिए कार्यक्रम) योजना शुरू की है जिसका उद्देश्य उभरती प्रौद्योगिकियों नामत: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन, ऑगमेंटेड/वर्चुअल रियलिटी इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डेटा एनालिटिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग/3डी प्रिंटिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, सोशल एंड मोबाइल, साइबर सुरक्षा और ब्लॉकचेनमें आईटी पेशेवरों के पुन: कुशल/उन्नयन कौशल में सुधार करना है। फ्यूचर स्किल्स प्राइम के तहत, 23.03.2023 तक, कुल 13 ,12,775 उम्मीदवारों ने पोर्टल पर साइन-अप किया है, 3,53,654 उम्मीदवारों ने विभिन्न राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों/राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क संरेखित फाउंडेशन/ब्रिज/डीप स्किलिंग संरेखित पाठ्यक्रमों में नामांकन किया है, जिनमें से 1 ,37,645 उम्मीदवारों ने अपना पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है। इसके

अलावा,नाइलिट/सी-डैक संसाधन केन्द्रों ने कुल 1065 प्रशिक्षकों और 9,051 सरकारी अधिकारियों को प्रशिक्षित किया है।

******